# गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य से भड़के ग्रामीण

## पुसेरा में सीसी रोड पर उठे सवाल : 160 मीटर बनाम 122 मीटर का विवाद, लागत और गुणवत्ता दोनों पर संदेह

**सिवनी नवभारत। जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पुसेरा में चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए पंचायत और संबंधित सब इंजीनियर के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया है।**





ग्रामीणों के अनुसार गांव में लगभग 160 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन इसमें गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जा रहा।

आरोप है कि 20 एमएम मोटी सड़क में मानक के अनुसार गिट्टी नहीं डाली जा रही रेत के स्थान पर डस्ट का उपयोग किया जा रहा है सड़क किनारे शोल्डर निर्माण नहीं किया जा रहा जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि सड़क अल्प समय में ही जर्जर हो सकती है।

इस निर्माण कार्य में सबसे बड़ा विवाद लंबाई और लागत को लेकर सामने आया है।पंचायत सचिव के अनुसार सड़क की लंबाई- 122 मीटर जबकि उपयंत्री के अनुसार लंबाई- 160 मीटर इसी तरह- सचिव ने लागत बताई- 3.50 लाख (15वें वित्त से) जबकि उपयंत्री ने लागत की जानकारी होने से इनकार किया यह विरोधाभास पूरे निर्माण कार्य पर सवाल खड़े कर रहा है।

पंचायत सचिव दिनेश का कहना है कि निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो यह सड़क जल्द ही खराब हो जाएगी और शासन की राशि का दुरुपयोग होगा।

### इनका कहना है

मुझे अभी ग्रामीणों से निर्माण में गड़बड़ी की प्रमाणित जानकारी मिली है। मेरे द्वारा सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सड़क निर्माण तत्काल रोका जाए और निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही कार्य किया जाए, लेकिन इसके बावजूद मनमानी की जा रही है।

**दुर्गेश सूर्यवंशी, उपयंत्री**

# अब ब्लॉकों में भी होगी जनसुनवाई : कलेक्टर नेहा

मेरी पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य एवं शिक्षा होगी : कलेक्टर



**सिवनी नवभारत।** नवागत कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने आज पदभार ग्रहण करने के पश्चात मीडिया कर्मियों के साथ परिचर्चा करते हुए बताया कि मेरी इस जिले में पहली प्राथमिकता शिक्षा एवं स्वस्थ होगी क्योंकि अगर व्यक्ति शिक्षित होगा तो वह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होगा और ऐसी स्थिति में वह अपने जिले के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करेगा।

श्रीमती मीना ने आगे कहा कि एक माह में मेरे द्वारा कुछ कार्य किए जाएंगे और इसके पश्चात आप लोगों के द्वारा जो जरूरी कार्य है उन्हें पूरा करना मेरी प्राथमिकता होगी पूर्व में जहां पर भी रही मुझे मीडिया कर्मियों का हमेशा सहयोग मिलता रहा है वही मीडिया कर्मियों के द्वारा जो बातें रखी जाएंगी उन पर भी विचार किया जाएगा।

इस जिले में रहे पूर्व कलेक्टर के बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहती सिर्फ इतना कहना चाहती हूं कि मेरे सामने जो भी कार्य आएंगे उसे में पूरा करूंगी

हर सप्ताह होने वाली मंगलवार की जनसुनवाई माह के प्रथम सप्ताह जिला मुख्यालय में तथा शेष सप्ताह ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई की जाएगी जिससे ग्रामीण अंचलों से अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय आने वाले लोगों को परेशान ना होना पड़े मैं वैसे भी ऐसे क्षेत्र में रही हूं जिसे पिछड़ा कहा जाता था लेकिन सभी के सहयोग से उसे जिले को भी मूल धारा से जोड़ने का प्रयास किया है इस जिले में भी जो कुछ अच्छा होगा करने का प्रयास करेंगे

मीडिया कर्मियों द्वारा जिले के चल रहे विकास कार्यों को लेकर अपनी बात रखी गई तथा विसंगतियों के बारे में चर्चा की गई जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वह प्रयास करेंगे की उन विषयों को दूर कर ऐसे कार्य करें जिससे जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास बने। आपने कहा कि अगर कोई जरूरी कार्य है तो आप जनसंपर्क अधिकारी के माध्यम से मुझसे मिलकर अपनी बात रख सकते हैं साथ ही अगर कहीं समस्या है तो उसका समाधान निकालने का प्रयास भी किया जाएगा।

## नवागत कलेक्टर नेहा मीना ने मठ मंदिर में किया पूजन-अर्चन



**सिवनी नवभारत।** नवागत कलेक्टर नेहा मीना द्वारा आज जिले के प्राचीन मठ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर दर्शन किए गए। कलेक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व उन्होंने भगवान से जिले की सुख-समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास की कामना की। सिवनी जिले को भगवान शिव की नगरी के रूप में जाना जाता है, जहां धार्मिक आस्था एवं परंपराओं की विशेष मान्यता है। ऐसे में कलेक्टर श्रीमती मीना द्वारा कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व मंदिर में पूजन-अर्चन किया जाना जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं के प्रति उनके सम्मान को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर कलेक्टर मीना ने मंदिर प्रबंधन से भी चर्चा कर मंदिर एवं प्रबन्धकीय व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक सुझाव भी दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली शाह, एसडीएम पूर्वी तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब दुकान का ठेका बदला, शुरू होने जा रहे अवैध अहाते

**छपारा नवभारत।** इस बार छपारा नगर की शराब दुकान का ठेका बदल गया है, जिसके बाद काफी अफरा तफरी का माहौल देखा गया. वही इस बार ठेका बदलने के साथ शराब दुकानों के स्थान भी बदल गए हैं, छपारा में जो शराब दुकान काफी लंबे समय से जिस स्थान पर संचालित होती थी वह अब मुख्य मार्केट स्थित थाने के सामने ही आ गई है, वहीं शराब दुकान के नजदीक ही कुछ अवसर वादियों ने अवैध तरीके से अहाता बनाकर शराब पिलाया जा रहा है वही इस वजह से उसके आसपास रहवासियों सहित सड़क में भी आवाजाही में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस मामले को लेकर पुलिस भी मूक दर्शक बनी नजर आ रही है। वही फोर लाइन सड़क के किनारे दूसरी दुकान संचालित हो रही उधर भी सड़क के किनारे शराब जगह-जगह बिठाकर शराब पिलाई जा रही है जिससे आम



लोगों सहित महिलाओं और कॉलेज की छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा आश्चर्य की बात है कि थाने के सामने स्थित जहां वर्तमान में शराब दुकान खोली गई है जिसको लेकर लोगों में धीरे-धीरे अभी से आक्रोश नजर आ रहा है वही इस बार ठेका छपारा में मंडला के शराब ठेकेदार आनंद मोहन राय की फर्म को ठेका मिला है जो छपारा नगर की दो शराब दुकानों को संचालित कर रहे है जो नियम कायदाओं को ताक में रखकर शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है फिलहाल देखना होगा कि आबकारी विभाग और पुलिस इस पर क्या कुछ कार्रवाई करती है या यूं ही मूक दर्शक बन तमाशा देखते हैं।

# डॉ. आम्बेडकर एवं महात्मा फुले की जयंती पर दो दिवसीय आयोजन

**सिवनी नवभारत।** जिला मुख्यालय में 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव आम्बेडकर एवं क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले की संयुक्त जयंती के अवसर पर दो दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डॉ. आम्बेडकर चौक में आयोजित होगा। समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, प्रश्नमंच, चित्रकला एवं ज्ञानबोध परीक्षा का आयोजन सिद्धार्थ बुद्ध विहार में किया जा रहा है। 13 अप्रैल की शाम 5 बजे एकता और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से सांकेतिक रैली नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी। इसी दिन रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा रात्रि 12 बजे आतिशबाजी, फोटोग्राफी और केक काटकर जयंती मनाई जाएगी। 14 अप्रैल को प्रातः डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 10 बजे महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन एवं यूजीसी के समर्थन में रैली निकाली जाएगी। दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक बुद्ध-भीम गीतों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 6 बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के अतिथि उपस्थित रहेंगे और अपने विचार व्यक्त करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार, दो दिवसीय इस कार्यक्रम को लेकर जिले भर के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। सभी जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## उगली वितरण केंद्र में लगा समाधान योजना शिविर

**उगली नवभारत।** उपभोक्ता को मिली राहत घर-घर जाकर दी जा रही है। मध्य प्रदेश शासन की जन हितैषी योजना 2025-26 (द्वतिय चरण) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिक्षण अभियंता सिवनी के निर्देश अनुसार केवलारी उप संभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं की लंबित बिजली बिलों का त्वरित में निराकरण करना है हम अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उपलब्ध कराना है. उक्त शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ता उपस्थित जिन्होंने अपने बकाया विद्युत बिलों का निराकरण कराया। विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा मौके पर उपभोक्ताओं के प्रकरणों का परीक्षण कर उन्हें राहत प्रदान की गई,।

# बरेला थर्मल प्लांट का दावा, रोजगार, तकनीकी शिक्षा और सीएसआर में नई रफ्तार

**घंसौर नवभारत।** सिवनी जिले के घंसौर तहसील मुख्यालय के समीप संचालित एनटीपीसी, झाबुआ पावर लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बरेला थर्मल पावर प्लांट प्रबंधन ने अपने कार्यों और उपलब्धियों को लेकर बड़ा दावा किया है। शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रबंधन ने सीएसआर गतिविधियों, उत्पादन क्षमता और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की। यह कार्यक्रम रानी अवंती बाई सागर परियोजना के निकट पर्यटन विभाग के मैकल रिसॉर्ट बरगी नगर में आयोजित किया गया जहां प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मीडिया प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्लांट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्राशीष घोष दस्तीदार ने कहा कि प्लांट केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है।

# डॉ. रश्मि नेमा के आगमन से छिंदवाड़ा को मिला स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ का लाभ

**छिंदवाड़ा नवभारत।** जिले के लिए एक महत्वपूर्ण और सुखद खबर सामने आई है। डॉ. रश्मि नेमा ने जयपुर से एमएस (प्रसूति एवं स्त्री) की अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण कर अपने कार्यस्थल छिंदवाड़ा में आगमन किया है। उनके आगमन से अब जिले की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. प्रमिला यवतकर, जिला आयुष अधिकारी ने



बताया कि डॉ. नेमा के आने से छिंदवाड़ा जिले में स्त्री एवं प्रसूति रोगों के उपचार की सुविधाएं और सुदृढ़ होंगी। उन्होंने डॉ. नेमा का स्वागत, अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयुष विभाग छिंदवाड़ा में आयोजित इस विशेष अवसर पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित राजपत्रित अधिकारी संघ से डॉ धर्मेन्द्र मरावी, डॉ राजा भैया ठाकुर, डॉ अंकुश साहू, योग परीक्षक डॉ पवन नेमा आदि अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ज्ञान, सेवा और समर्पण की इस नई यात्रा की शुरुआत का स्वागत किया।

# बाबा साहब की जयंती पर संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित

**छपारा नवभारत।** नगर के माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर छपारा में दोपहर 2 बजे से बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर संगोष्ठी का कार्यक्रम जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े की उपस्थिति में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवं बाबा साहब अंबेडकर की छायाचित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत किया गया एवं छात्राओं ने नृत्य भी प्रस्तुत किया साथ ही बाबा साहब अंबेडकर पर नाटक और बाबा साहब के जीवन परिचय पर भाषण भी दिया। तत्पश्चात जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह एडवोकेट लक्ष्मण सिंह



अहिरवार एंव विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश दुबे द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के संघर्ष और उनके जीवन पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रकाश डाला। बाबा साहब अंबेडकर जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का कार्यक्रम में मुख्य कार्य पालन अधिकारी, जनपद पंचायत छपारा अध्यक्ष, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एडवोकेट लक्ष्मण अहिरवार, मीडिया कर्मी हाशिम खान,रफीक खान सहित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर की अधीक्षक शिक्षक,शिक्षिकाओं सहित छात्राएं एवं अन्य छात्रावासों से आए हुए अधीक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## राजस्व विभाग की अनदेखी अतिक्रमण को दे रही बढ़ावा

**सिवनी नवभारत।** जिले की लखनादौन तहसील में आने वाली ग्राम पंचायत धूमा जहां पर दबंगई का हो या धन्ना सेटी राजस्व की जमीन में अवैध अतिक्रमण कर सीधे चुनौती देना और अधिकारियों का मौन रहना कहीं ना कहीं शासकीय जमीनों पर अवैध अतिक्रमण का डाका डाल बाहर के लोग आलीशान मकान बना रहे हैं वहीं विभाग को सारी जानकारी होने के बावजूद कार्यवाही क्यों नहीं धूमा ग्राम पंचायत के टंकी मोहल्ला में प्रवेश यादव के द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाया जा रहा है जिसकी जानकारी ना ही पंचायत में ना ही राजस्व में मकान बनाने से पहले पंचायत की अनुमति और राजस्व का लेखा जोखा जरूरी होता है चर्चा का विषय तो यह भी बना हुआ है की प्रवेश यादव के द्वारा धूम ग्राम पंचायत से मकान बनाने के लिए कोई भी अनुमती नहीं दी गई है इन्हीं के द्वारा एक वाटर प्लांट भी लगाया गया है जो शिकायतों के घेरे में है पहले भी अखबारों में वाटर प्लांट की खबरें लग चुकी हैं लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से कार्यवाही अधर में लटक जाती है।

# अंडर-19 में नरसिंहपुर ने सिवनी को हराया



**सिवनी नवभारत।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती खिलाड़ी को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए खेल में हार जीत होना सामान्य बात है हार से हमें सबक लेना चाहिए कि हमने कौन सी गलती की है जिसके कारण हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए यह आयोजन को लेकर सभी आयोजकों ने कड़ी मेहनत की और महानगरों की तरह तैयारी कर युवक युवा खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किया हम सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हैं। उक्त उद्गार बहन गंगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंची खेल विभाग की जॉइन सेक्रेटरी मकसूद मिर्जा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन अजय मिश्रा काबिज खान एवं कोच सलाम भाई को स्मृति चिन्ह देखा सम्मानित किया गया फाइनल मैच में अंडर-19 के खिलाड़ियों के बीच शिवानी एवं नरसिंहपुर के मध्य मैच खेला गया जिसमें नरसिंहपुर ने सिवनी को हराया। इस अवसर पर मीडिया से जुड़े अयोध्या विश्वकर्मा संजू किड़िया, विनोद दुबे, कृष्णानंद श्रीवास्ती, शरद दुबे मालवीय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे आयोजन समिति द्वारा सभी का सम्मान किया गया इस अवसर पर आयोजन समिति के राजा बघेल शोएब राजा ओम उपाध्याय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे सभी ने इस आयोजन की सराहना की कार्यक्रम के दौरान जिला भाजपा के उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल भी आयोजन में मौजूद रहे इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एस बी मिर्जा वाहिद खान संतोष श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना
द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2026 की हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए
द्वितीय परीक्षा का आयोजन

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2026 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- अंतिम तिथि 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से **मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में परीक्षा** आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।

विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125327/2026